Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide benefits under Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana in Maharajgan Parliamentary Constituency, Bihar-laid.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा, बिहार अंतर्गत मत्स्य पालकों एवं जलीय कृषि करने वाले किसानों की संख्या बहुत ही अधिक संख्या में है। ऐसे में मत्स्य पालन के क्षेत्र को हर स्तर से विकसित करने हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र के मत्स्य पालकों एवं जलीय कृषकों को अधिक से अधिक लाभ दिलाये जाने की आवश्यकता है।

आज सरकार भी चाहती है कि जलीय किसानों के आय को दोगुना करने तथा उनके जीवन स्तर को उठाने के लिए PMMSY के तहत उन्हें तालाब, हैचरी,खाने की मशीन,क्वालिटी टेस्टिंग लैब,मछली रखने और उसके संरक्षण की व्यवस्था की जाये। इसी के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार यह भी चाहती है कि जलीय किसानों को मत्स्य पालन से सम्बन्धी शिक्षा प्रदान करने के लिए महाविद्यालयों में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम की शुरुआत की जाये। इसलिए प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम की शुरुआत भी मेरे संसदीय क्षेत्र के महाविद्यालयों में किया जाये।

अत: सरकार से मेरी माँग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के माँझी, एकमा, तरैयाँ, बनियापुर, महाराजगंज एवं गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के मत्स्य पालकों एवं जलीय किसानों को PMMSY योजना के तहत हर स्तर से लाभ दिलाया जाये।